卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 126 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦13 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## देहरादून से दिल्ली दो घंटे का होगा सफर:गडकरी

### केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने किया कुमांऊ की 2215 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



टनकपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने आज यहां कुमांऊ की 2215 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अजय भट्ट भी मौजूद रहे। गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने काठगोदाम से नैनीताल मार्ग का 2 लेन पेव्ड शेल्डर सहित चौड़ीकरण कार्य, काशीपुर से रामनगर मार्ग का फोर लेन चौड़ीकरण का कार्य, कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग का 2 लेन चौड़ीकरण कार्य, उडियारी बैड से कांडा मार्ग का दो लेन चौड़ीकरण कार्य, कांडा से बागेश्वर मार्ग का टू लेन चौड़ीकरण का कार्य, बागेश्वर में सरयू दी एवं गोमती नदी पर दो पुलों का सुदृढीकरण कार्य, राष्ट्रीय राजमार्ग 109 पर क्षतिग्रस्त दीवारों का निर्माण कार्य का भूमिन पूजन किया। इसके साथ ही कई योजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री का कार्यक्रम में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तराखण्ड पहाड़ी प्रदेश है यहां पर रोड बनाना बहुत ही कठिन है इसके बावजूद यहां पर तेजी से सड़कें बनाई जा रही है। एक लाख 40 हजार करोड़ के निर्माण कार्य यहां किये गये हैं। 2024 पूरा होने तक उत्तराखण्ड के सभी राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पूरे होंगे। कुमांऊ से चारधाम के लिए बेहतर कनेक्विटी जल्द ही पूरी हो जायेगी। गड़करी ने उधम सिंह नगर में दिनेशपुर मटकोटा सड़क के डामकरीण चौड़ीकरण के साथ ही इसे फोर लेन करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने सीआरएफ मद में सड़कों के लिए 300 करोड़ अतिरिक्त देने की घोषणा भी की। दिल्ली से देहरादून इस साल दिसम्बर तक केवल 2 घंटे का सफर हो जायेगा। लोग दिल्ली से देहरादून रोज काम के लिए आ जा सकेंगे। एक्सप्रेसवे पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## बोलेरो खाई में गिरने से पिता पुत्र की मौत

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। बांसवाड़ा–मोहनखाल मोटर मार्ग पर गढ़सारी बैंड के समीप एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गयी। जबकि उसका पांच वर्षीय पुत्र लापता हो गया था।एसडीआरएफ, पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन विभाग के रेस्क्यू दल ने लापता बच्चे का शव भी कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम बलसुंडी गांव निवासी 40 वर्षीय राकेश सिंह अपने पांच वर्षीय बेटे रुद्र के साथ अपने वाहन से क्यूंजा लौट रहा था। राकेश ने एक माह पूर्व क्यूंजा में आवासीय मकान बनाया था। गढ़सारी बैंड के समीप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बारे में जिला आपदा प्रबंधन को शाम करीब सात बजे जानकारी मिली।सूचना पर अगस्त्यमुनि थाना प्रभारी राजीव चौहान के नेतृत्व में पुलिस, एसडीआरएफ के साथ जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार भी डीडीआरएफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर रेस्क्यू दल द्वारा खोजबीन शुरू की। सड़क से कुछ मीटर नीचे खाई से वाहन चालक राकेश का शव खाई से बरामद किया गया। लेकिन उसके पांच वर्षीय पुत्र का पता नहीं चल सका था। रात के अंधेरा, गहरी खाई और घना जंगल होने के कारण बच्चे की खोजबीन में दिक्कत आ रही थी। थाना प्रभारी राजीव चौहान ने बताया कि सुबह दोबारा रेस्क्यू अभियान चलाया गया। सुबह बच्चे का शव भी बरामद हो गया। बलसुंडी गांव निवासी राकेश सिंह वाहन संचालन कर अपने परिवार का भरण–पोषण करता था। बीते वर्ष तक वह अपने पांच वर्ष के बेटे को पढ़ाने के लिए परिवार सहित भणज में किराए के कमरे पर रहता था। इस वर्ष क्यूंजा में उसने अपना आवासीय मकान बनाया, जिसमें बीते 15 जनवरी को मकर संक्रांति के पर्व पर गृह प्रवेश हुआ था। वह, धीरे–धीरे अपने नए मकान में अपने परिवार की जरूरत के हिसाब से सामान जुटाने में लगा हुआ था।

## केन्द्रीय मंत्री गडकरी के हेलीकॉप्टर में आई खराबी

### रूद्रपुर से दूसरे हेलीकॉप्टर में टनकपुर के लिए रवाना हुए गडकरी और धामी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आज अचानक रूद्रपुर पुलिस लाईन पहुंचने से प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। श्री गडकरी व श्री धामी के यहां आगमन की जानकारी मिलते ही विधायक शिव अरोरा सहित कई भाजपा नेता उनकी आगवानी करने के लिए पुलिस लाईन पहुंच गये। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी तथा और मुख्यमंत्री श्री धामी को टनकपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना था। श्री गडकरी दिल्ली से जिस हैलीकॉप्टर से पंतनगर पहुंचे थे उसमें तकनीकी खराबी आ गई। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून से हैलीकॉप्टर से पंतनगर आये थे। यहां पर सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर बुके देकर स्वागत किया। श्री गडकरी के हैलीकॉप्टर में खराबी आने के (शेष पृष्ठ सात पर)

## छात्रा पर दरांती से हमले का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। शहर में सोमवार शाम कोचिंग सेंटर जा रही छात्रा को दरांती से हमलाकर घायल करने वाले आरोपी फरदीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी का खुलासा शाम को पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा किया जायेगा। इससे पहले पुलिस ने हमलावर फरदीन का राजकीय चिकित्सालय में मेडिकल कराया है। बता दें कि बीती शाम मौ खालसा निवासी खूब सिंह की बीएससी में पढ़ने वाली पुत्री पूजा को पक्काकोट मोहल्ले में एक युवक ने दरांती से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस घटना के बाद यहां हिन्दू संगठनों के नेताओं में काफी आक्रोश था। कोतवाली पहुंच कर हिंदू संगठनों के नेताओं ने हमलावर की गिरफ्तारी को आज ग्यारह बजे तक का समय दिया था। हमलावर की गिरफ्तारी को लेकर आज तीन बजे यहां कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा खुलासा किया जायेगा।



## हर लाभार्थी को दिलायें योजनाओं का लाभ : बहुगुणा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को मिले इसके लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर ग्रामीण क्षेत्र के हर लाभार्थी से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करे। यह बात प्रदेश के केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आज भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित लोकसभा क्षेत्र का लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला में आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी को दिलायें। श्री बहुगुणा ने कहा कि संगठन से कोई बड़ा कोई नहीं नहीं है चाहे वह कार्यकर्ता हो या विधायक हो या मंत्री, सब बराबर हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की हमेशा यही सोच रही है। उन्होंने कहा कार्यकर्ता को लोकसभा क्षेत्र के हर मतदाता के पास जाकर उन्हें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देनी है और उन्हें समझाना है कि देश का भविष्य भाजपा के हाथों में ही सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने कहा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि प्रवास कर लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन कर लाभ उठाने के लिए प्रेरित (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रेम प्रसंग को लेकर पूर्व पार्षद को धुना

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। शहर के गांधी कालौनी क्षेत्र में गत दिवस प्रेम प्रसंग के मामले में युवती से शादी से इंकार करने पर एक पूर्व पार्षद और उसके भाई की पिटाई होने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार गांधी कालौनी क्षेत्र में एक पूर्व पार्षद के भाई का मोहल्ले की लड़की से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक ने युवती को शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ खूब मौज मस्ती की थी। बताया जाता है कि अब वह शादी से इंकार करने लगा। लड़की के घर वालों को भी इसकी जानकारी थी। (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘हल्द्वानी’ की कहानी ‘रुद्रपुर’ में भी दोहरा सकते हैं ‘संदिग्ध’?

### डेमोग्राफी चेंज प्रभावित बस्तियों में अरसे से नहीं चला सघन सत्यापन अभियान, शहर के कई इलाकों में बढ़ती जा रही है संदिग्ध बसावट, डेमोग्राफी चेंज का मुद्दा विधानसभा में उठने के बावजूद कोई कारगर प्रशासनिक पहल अब तक नहीं

–अर्श–

रूद्रपुर। शहर में ऐसी कई बस्तियां हैं, जहां संदिग्ध व्यक्तियों की आमदरफ्त बारह महीने बराबर बनी रहती है। इनमें से कुछेक बस्तियां उत्तर प्रदेश की सीमा से भी लगती है। रोजगार की तलाश में रुद्रपुर आने वाले ज्यादातर व्यक्ति अक्सर इन्हीं बस्तियों में सर छुपाने की जगह ढूंढते हैं। देखा गया है कि इन बस्तियों में किराएदारों के सत्यापन के संबंधी नियमों का पालन लगभग ना के बराबर ही हो रहा है। पुलिस द्वारा अरसे से कोई सघन सत्यापन अभियान ना चलाए जाने के कारण अब किराएदार रखने वाले भवन स्वामी भी किराएदारों के सत्यापन को लेकर उदासीन हो चले हैं। सत्यापन संबंधी कोई कठोर बाध्यता ना होने का लाभ उठाते हुए बाहरी राज्यों के अपराधी, उपद्रवी एवं संदिग्ध व्यक्ति आसानी से स्थानीय रहवासियों के बीच खप जाते हैं और आगे चलकर जोर जुगाड़ करके उत्तराखंड का पहचान पत्र हासिल कर लेते हैं और संबंधित बस्तियों की मतदाता सूची में भी अपना नाम दर्ज कर लेते हैं। जिसका नतीजा इन बस्तियों में डेमोग्राफी चेंज के रूप में सामने आ रहा है। शायद यही वजह है कि इन बस्तियों की मतदाता सूची में तकरीबन हर वर्ष नए मतदाताओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। हैरत की बात तो यह है कि कुछ बस्तियां की मतदाता सूची में होने वाली अप्रत्याशित मतदाता संख्या वृद्धि का संज्ञान, ना तो प्रशासन ही समय रहते ले पा रहा है और ना ही उन राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता, जो डेमोग्राफी चेंज पर अक्सर ही है तौबा मचाते रहते हैं। डेमोग्राफी चेंज जैसे संवेदनशील मुद्दे पर प्रशासनिक लापरवाही का यह आलम तब है जबकि रुद्रपुर विधायक द्वारा यह मसला तकरीबन साल भर पहले विधानसभा में भी उठाया जा चुका है। और तो और हल्द्वानी के वन भूलपुरा में पुलिस और पीएसी द्वारा व्यापक सत्यापन अभियान चलाकर संदिग्धों को चिन्हित करने एवं जुर्माना आयद करने के बावजूद संदिग्ध उपद्रवियों ने जो तांडव मचाया, उसे देख कर भी रुद्रपुर प्रशासन नहीं चेता। जाहिर है कि शहर में बाहर से आकर किराए से रहने वालों की पूरी कुंडली की जानकारी ना रखने की यह लापरवाही, किसी तनावपूर्णअथवा उपद्रव की स्थिति में शहर को भारी पड़ सकती है और शहर की बस्तियों में शरण पाए संदिग्ध उपद्रवी मौका पाकर हल्द्वानी की कहानी रुद्रपुर में भी दोहरा सकते हैं। ऐसे में आग लगने के पूर्व कुआं खोद लेने अर्थात शहर में बाहर से आकर किराए से रहने वाले संदिग्धों की पूरी कुंडली की जानकारी रखने के कारगर प्रयास करने में कोई बुराई नहीं है। यहां पर इस तथ्य का जिक्र आवश्यक है कि हल्द्वानी हिंसा के विकराल होने से पूर्व उसे पर नियंत्रण के पीछे पुलिस और पीएसी के द्वारा चलाए गए व्यापक सत्यापन अभियान का भी बड़ा योगदान है ,अन्यथा स्थिति और भी भयावह हो सकती थी। बताना होगा कि हल्द्वानी हिंसा की जांच (शेष पृष्ठ सात पर)



# अतिक्रमणकारी अब्दुल मलिक पर नगर निगम ने कसा शिकंजा

## सरकारी संपत्तियों के नुकसान होने पर नगर आयुक्त ने भेजा तीन दिन में 2.44 करोड़ रूपये की वसूली का नोटिस



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई हिंसा के बाद फरार आरोपी अब्दुल मलिक पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस के बाद अब नगर निगम हरकत में आ गया है। मलिक को मुख्य आरोपी बताते हुए 2.44 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा गया है। 15 फरवरी तक पैसा जमा करने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर विधि के अनुसार वसूली की जाएगी। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने अब्दुल मलिक को नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि निगम के स्वामित्व वाली जमीन से अवैध धार्मिक स्थल हटाने के लिए कहा गया था। मलिक ने ऐसा नहीं किया। आठ फरवरी को अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जब निगम की टीम, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम लौट रही थी तो मलिक के समर्थकों ने टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया। नोटिस में यह भी कहा गया है कि 11 वाहन, दो ट्रॉली, किराये पर ली गई दो जेसीबी को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। इन्हें आग लगा दी। इसके अलावा घन, सब्बल, गैंती, फावड़ा, हैलमेट भी चोरी हो गया। इसकी लागत 2.44 करोड़ रुपया है। बता दें कि नगर आयुक्त के पास राजस्व की भांति वसूली करने, संपत्ति को कुर्क करने के अधिकार होते हैं। सूत्रों के अनुसार निगम पैसा जमा नहीं करने पर मलिक की संपत्ति सीज कर सकता है। उपद्रव का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। पुलिस टीमों ने दिल्ली और बरेली में डेरा डाल रखा है। मोबाइल बंद होने के कारण पुलिस को उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए मदरसा और धार्मिक स्थल के ध्वस्तीकरण के दौरान सबसे ज्यादा विरोध अब्दुल मलिक ने ही किया था। जांच के लिए कुछ दिन पहले नगर निगम की एक टीम जब मौके पर पहुंची तो अब्दुल मलिक की अधिकारियों से बहस भी हुई थी। पुलिस और अन्य सूत्र उसे मास्टरमाइंड मानकर चल रहे हैं। इनमें अब्दुल मलिक को भी नामजद किया गया है। वह फरार चल रहा है। दो दिन पहले अब्दुल मलिक की दिल्ली से गिरफ्तारी की चर्चा हल्द्वानी से लेकर देहरादून और दिल्ली तक हुई थी। हालांकि, रविवार को एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी की बात से इन्कार कर दिया था। सर्विलांस टीम उसकी लोकेशन लगातार ट्रेस कर रही है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अब्दुल मलिक का अधिकारियों से बहस करते वीडियो वायरल!

हल्द्वानी। हल्द्वानी हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक से 2.44 करोड़ रुपये वसूले जाएंगे। नगर निगम ने तीन दिन का समय दिया है।अब्दुल मलिक पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस के बाद अब नगर निगम हरकत में आ गया है। मलिक को मुख्य आरोपी बताते हुए 2.44 करोड़ रुपये का नोटिस भेजा गया है। 15 फरवरी तक पैसा जमा करने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर विधि के अनुसार वसूली की जाएगी। मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए मदरसा और धार्मिक स्थल के ध्वस्तीकरण के दौरान सबसे ज्यादा विरोध अब्दुल मलिक ने ही किया था। जांच के लिए कुछ दिन पहले नगर निगम की एक टीम जब मौके पर पहुंची तो अब्दुल मलिक की अधिकारियों से बहस भी हुई थी। पुलिस और अन्य सूत्र उसे मास्टरमाइंड मानकर चल रहे हैं। इनमें अब्दुल मलिक को भी नामजद किया गया है। वह फरार चल रहा है। दो दिन पहले अब्दुल मलिक की दिल्ली से गिरफ्तारी की चर्चा हल्द्वानी से लेकर देहरादून और दिल्ली तक हुई थी। हालांकिए रविवार को एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी की बात से इन्कार कर दिया था। सर्विलांस टीम उसकी लोकेशन लगातार ट्रेस कर रही है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पुलिस की धड़पकड़ के बीच सोशल मीडिया पर नगर आयुक्त से उलझते हुए उसका एक वीडियाभी वायरल हो रहा है। हांलाकि नगर निगम की कार्यवाही का यह वीडिये एक कुछ दिन पूर्व का बताया जा रहा है जिसमें प्रशासन के अधिकारियों से जमीन के कागज दिखाने को लेकर तीखी बहस भी हो रही है। बता दें कि नगर आयुक्त के पास राजस्व की भांति वसूली करने संपत्ति को कुर्क करने के अधिकार होते हैं। सूत्रों के अनुसार निगम पैसा जमा नहीं करने पर मलिक की संपत्ति सीज कर सकता है। उपद्रव का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। पुलिस टीमों ने दिल्ली और बरेली में डेरा डाल रखा है। मोबाइल बंद होने के कारण पुलिस को उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है।

# हिंसा की घटना को सांप्रदायिक रंग न दें : डीजीपी

## बनभूलपुरा क्षेत्र से 27 लोगों को पूछताछ के लिए उठाया,25 उपद्रवियों का भेजा जेल,पांच हजार मोबाइल नंबरों की जांच शुरू






देहरादून/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा पर उत्तराखंड पुलिस के डीजीपी अभिनव कुमार ने शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। पुलिस महानिदेशक ने आम जन से अपील करते हुए कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और इस घटना को सांप्रदायिक रंग न दें। पुलिस और प्रशासन की टीम पर हमला करने की घटना को बहुत गंभीरता से लेते हुए तीन मुकदमें दर्ज किए गए हैं। विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करके जो लोग दोषी पाये जाते हैं उन पर कार्यवाही की जाएगी। निर्दोष लोगों पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करेगी। पुलिस मोबाइल नेटवर्क ट्रेसिंग की मदद से हल्द्वानी में हिंसा फैलाने वालों को पकड़ रही है। करीब 5000 नंबरों की जांच की जा रही है। पकड़े गए उपद्रवियों और नामजद लोगों की कॉल डिटेल व व्हाट्सएप डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस एक तरफ उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है, दूसरी तरफ सीसीटीवी की फुटेज और मोबाइल वीडियो की रिकॉर्डिंग देखकर उपद्रवियों को चिह्नित कर रही है। हिंसा वाले दिन क्षेत्र में कितने और कौन-कौन से मोबाइल नंबर सक्रिय थे, इसकी भी जांच की जा रही है। यहां तक कि उन नंबरों से कहां और किन राज्यों में फोन कॉल किए गए, इसका भी पता लगाया जा रहा है। इससे उपद्रव मामले से जुड़े कई साक्ष्य सामने आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक कई लोग ऐसे हैं जिनकी लोकेशन उपद्रव के बाद बनभूलपुरा से बाहर की मिली है। पुलिस ने अब तक गिरफ्तार हुए 25 आरोपियों के मोबाइल रिकॉर्ड भी खंगालने शुरू कर दिए हैं। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि तकनीक की मदद से जांच की जा रही है। पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ बनभूलपुरा क्षेत्र में सोमवार को तीन बार अलग-अलग समय में धड़पकड़ अभियान चलाया। इस दौरान करीब 450 अधिक घरों की तलाशी ली गई। 27 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। उन्हें अस्थायी जेल में रखा गया है। उधर, अस्थायी जेल में रखे गए 35 लोगों को छोड़ दिया गया है। पुलिस के साथ बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बल ने बनभूलपुरा में सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध युवकों की फोटो से पहचान भी की। घरों में चेकिंग अभियान के दौरान लोगों के मोबाइल भी चेक किए। इन मोबाइल में मिले फोटो और वीडियो को पुलिस ने अपने पास लिया। पुलिस ने घरों की तलाशी के दौरान कुछ अवैध असलहों को कब्जे में लेने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। अभी भी यहां 80 से अधिक लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने रविवार को पकड़े गए 25 उपद्रवियों का बेस अस्पताल में मेडिकल कराया। मेडिकल के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। एसपी सिटी हरबंस सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर उपद्रवियों को जेल भेज दिया गया है।

# बेखौफ माफियाओं का अवैध खनन जारी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।ग्राम सभा निर्मल नगर में महीनो से, पट्टे की भूमि से अवैध मिट्टी खनन लगातार जारी है। मिट्टी खनन माफिया जहां एक ओर कृषि भूमि को तालाबों में तब्दील करने में जुटे हुए हैं। वहीं सरकार को राजस्व की भी हानि पहुंचा रहे हैं। गत लगभग चार महीनों से ग्राम सभा निर्मल नगर के शमशान घाट के निकट, अवैध रूप से मिट्टी खनन कार्य निरंतर जारी है। निर्मल नगर के तीन- चार काश्तकार ऐसे हैं, जो अपनी कृषि भूमि से मिट्टी खनन माफियाओं को उपलब्ध करा रहे है। आलम यह है कि खनन माफिया बेखौफ होकर, महीनों से मिट्टी खनन कार्य करने मे जुटे हुये है। जिस कारण कई एकड़ कृषि भूमि तालाब मे तब्दील हो गया है। वहीं खनन माफिया अवैध मिट्टी खनन कर सरकार को भी राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं। लगभग चार महीनों से जारी अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन भी आंख मूंद ली है। प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न होने के कारण मिट्टी खनन माफियाओं का हौसला बुलंद हैं। अवैध खनन का खेल शुरू करने से पूर्व प्रतिदिन मुख्य मुख्य चौराहा पर मुखबिर तैनात किए जाते हैं जो पल-पल की सूचना उपलब्ध कराते हैं। समाचार पत्रों मे खबरे प्रकाशित होने के बाबजूद भी कार्यवाही न होने से कई सवाल उठना लाजमी है।



# महिलाओं को नि:शुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा: बहुगुणा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर दुग्ध संघ की अध्यक्ष प्रभा रावत के परिसर में स्थित चारा उत्पादन सहकारी समिति कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और किसानों को संबोधित किया। कहा कि शक्तिफार्म क्षेत्र में 700 महिलाएं चारा उत्पादन सहकारी समिति से जुड़ी हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए चारा उत्पादन सहकारी समिति (एफपीओ) के माध्यम से नि:शुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए निशुल्क चारा बीज उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि वह चारा उत्पादन कर साइलेजनिर्माण कर सके। उन्होंने मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को 50 फीसदी तक सब्सिडी दी जा रही है। कुक्कुट वैली और गोट वैली प्रोजेक्ट से महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना चलाई जा रही है। उन्होंने सिडकुल में 90 करोड़ की लागत से एक्वा पार्क बनाने और राजनगर में 78 करोड़ की लागत से आइसक्रीम फैक्ट्री के निर्माण करने की बात कही। इस दौरान यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश रावत भाजपा में शामिल हुए। वहां दुग्ध संघ अध्यक्ष प्रभा रावत, योगेंद्र रावत, विष्णु प्रामाणिक, कार्तिक रॉय, सुनील विश्वास, विश्वजीत हाल्दार, उत्तम दास, गोविंद पोखरिया,मयंक अग्रवाल शिखा हालदार, मलिना, सरिता, मीना आदि मौजूद रहे।



# बंग लोक भारती का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के देवनगर शक्तिफार्म नम्बर 3 मे आयोजित बंग लोक भारती का द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन का सोमवार को संपन्न हो गया। अधिवेशन में बंग समाज की समस्याओं का शासन से समाधान निकालने का निर्णय लिया गया। समापन से पूर्व विभिन्न प्रांतों से पहुंचे संत व प्रबुद्ध लोगों ने देवनगर गांव का भ्रमण किया। ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक रूप से पुष्प वर्षा कर अतिथियों का अभिवादन किया। विभिन्न प्रांतों में बंगभाषी लोगों में संगठन का कार्य विस्तार के लिए दायित्व सौंपा गया। बंगभाषियों की समस्याओं पर गहनता से मंथन किया गया। विभिन्न प्रांतों से पहुंचे संतों और प्रबुद्ध लोगों ने देश व समाज के उत्थान के लिए व्यक्तित्व निर्माण पर जोर दिया। वक्ताओं ने बंग समाज के विकास के लिए बंग संस्कृति को अपनाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने की अपील की। वहां पर महाराज गुणानंद आचार्य,बाल गोविंद महाराज,जय राम आनंद गिरी महाराज,बृजेन्द्र पाल,गोपाल उपाध्याय,श्री कृष्ण चौधरी,डॉ देव ज्योति,डॉ पार्थ प्रतिम,सुमंत विश्वास, संजय शाह,रानी माली,रीता हालदार, अमल मण्डल,पंचानन मण्डल,अजय चौधरी,सुनील सरकार,राजेश सरकार,चंद्र शेखर मल्लिक,सुमिरन मण्डल, अनुप सरकार आदि मौजूद थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी. 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# काशीपुर में युवती पर धारदार हथियार से हमला

## हिंदू संगठन के लोगों ने थाने में किया हंगामा

काशीपुर(उद संवाददाता)। घर से कोचिंग जा रही बीएससी की छात्रा पर बाइक सवार दूसरे समुदाय के दो युवकों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके सिर और शरीर पर काफी चोट आई है। युवती को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया है। हमलावरों ने युवती के घर पर भी धावा बोला और वहां पर उसकी मां पर हमलने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावर एक पूर्व में दर्ज कराया गया मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। घटना को लेकर हिंदु संगठनों से जुड़े लोगों ने कोतवाली में हंगामा करते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। जानकारी के अनुसार कटोराताल पुलिस चौकी स्थित मोहल्ला खालसा निवासी 17 वर्षीय पूजा पुत्री खूब सिंह राधेहरि डिग्री कालेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। पूजा अपनी छोटी बहन और सहेली के साथ सोमवार शाम नागनाथ मंदिर स्थित गुरुद्वारे के पास कोचिंग के लिए पैदल जा रही थी। इसी दौरान पक्काकोट स्थित बिजली घर के पास बाइक सवार दो युवकों ने छात्रा पूजा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंग युवकों ने उसके सिर और शरीर में लगातार कई वार किए। जिससे छात्रा जमीन पर गिर पड़ी। चीख पुकार की आवाज सुनकर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित होते ही बाइक सवार आरोपित फरार हो गए। स्थानीय लोग घायल छात्रा को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी हालात गंभीर देखते हुए मुरादाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिंदू संगठन के दर्जन भर लोग कोतवाली पहुंच गए और आरोपित को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। बाद में हमलावरों ने युवती के घर पर भी हमला किया। मामले में युवती के पिता की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्जन भर लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला खालसा निवासी खूब सिंह पुत्र रामपाल सिंह की ओर से दर्ज कराई गयी रपट में कहा गया है कि पूजा अपनी बहन साधना के साथ शाम को ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। जैसे ही दोनों बहनें गुरुद्वारे के सामने वाली गली के मोड़ पर पहुंची तो वहां पर फरदीन बाइक से उतरकर भाग कर आ गया और कुछ दूर खड़े फरदीन के भाई बिलाल, आकिब, अनस, आफरीदी व फरदीन के पिता रिजवान सब सामान्य आशय के साथ एकराय होकर जोर-जोर से कहने लगे कि फरदीन आज पूजा को जान से मार कर किस्सा ही खत्म कर दे। इस पर फरदीन ने पूजा के शरीर के अन्य हिस्सों पर भी धारदार हथियार मार दिया जिससे पूजा गम्भीर रूप से घायल हो गई। लोगों को इकट्ठा होता देख फरदीन व उपरोक्त सभी लोग मौके से भाग गए और जाते-जाते पूजा को कह गए कि आज तो तू जान से बच गई लेकिन अगर तेरे बाप ने पुराने सारे मुकदमे वापिस न लिए और अब हमारे खिलाफ कोई कार्यवाही की तो तेरी लाश का भी पता नहीं चलने देंगे। वहीं उक्त घटना की सूचना मिलने पर जब पूजा की मां बबीता जैसे ही अपने घर से निकलने लगी तभी फरदीन का मामा ताजू एवं फिरोज, फरदीन की मां बेबी व तीनों मौसियां तथा फरदीन का रिश्तेदार साहिल घर में जबरदस्ती घुस गए और बबीता को धमका कर कहने लगे कि तेरी लड़की को तो फरदीन ने सबक सिखा दिया है, अब अगर तूने अपने पति से कह कर फरदीन के खिलाफ सारे मुकदमे खत्म नहीं कराए तो तेरे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पुलिस ने मामले में फरदीन, पुत्र रिजवान, रउफ, बिलाल पुत्र रिजवान, आकिब पुत्र रिजवान, अनस पुत्र रिजवान, आफरीदी पुत्र रिजवान, रिजवान, ताजू, फिराज, बेबी पत्नी रिजवान, फरदीन की मौसी, साहिल आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने कहा है कि जल्द ही आरोपितों गिरफ्तार किया जाएगा।

सस्ते प्लाट
- भूरारानी, नगर निगम क्षेत्र में सबसे सस्ते प्लॉट,7000,8000 रू.प्रति गज।
- 30×60 गज की बेहतरीन कोठी मलिक कॉलोनी
- 3.67 एकड़ कृषि/ कॉमर्शियल भूमि गदरपुर रोड दानपुर
-शीघ्र सम्पर्क करें-
9897064707

# पति को बाहरवाली के प्रेम जाल से बचाने की लगाई गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने पुलिस से अपने पति को बाहरवाली के प्रेमजाल से बचाने की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि एक महिला पिछले करीब दो वर्ष से उसके पति के पीछे पड़ी है। पति को अपने झूठे प्रेम झाल में फंसा लिया है। जिससे पति भी उसके साथ रहने लगा है। महिला का आरोप है कि उसका पति उसके साथ मारपीट करता है, उसको घर चलाने के लिए खर्चा नहीं देता है। जो भी कमाता है वो सब उस महिला को दे देता है। उसकी दो साल की पुत्री है तथा किराये के मकान में रहती है और जैसे तैसे अपने बच्चों को पालन पोषण करती है। कभी कभी अगर पति कमरे पर आ भी जाये तो मारपीट करता है। पूर्व में उक्त महिला द्वारा पुलिस को लिखित सूचना दी गयी थी कि वो उसके पति से सम्पर्क नहीं करेगी। लेकिन इसके बाबजूद उक्त महिला पति से आये दिन सम्पर्क करती है।

# पति पर लगाया मारपीट का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने दर्ज कराई रपट में अपने पति पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। दर्ज रपट में रूकसार पुत्री जमील खान निवासी वार्ड 15 पहाड़गंज ने कहा है कि 3 फरवरी को उसके पति तबरेज पुत्र शमशेर निवासी धरामनगर आवला जिला बरेली से यहां आया और उसे घर में अकेला पाकर बुरी तरह मारपीट कर भाग गया। जिससे उसे खुली व गुम चोटे आयी हैं। पति उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है और दूसरी शादी करने के चक्कर में है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

# भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा शक्तिफार्म के महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मीनाक्षी विश्वास टैगोर नगर ग्राम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बूथ नंबर 24 में प्रवास किया और कार्यकर्ताओं एवं कई योजनाएं हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए किसी भेदभाव के पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर करोड़ों लोगों का विश्वास मजबूत होता जा रहा है। इसी विश्वास के दम पर इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक बनाने जा रही है। पीएम मोदी की गारंटी



आम जनता के साथ संवाद करते हुए केन्द्र और प्रदेश सरकार की बतायी। उपलब्धियां कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मीनाक्षी विश्वास ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कहा मोदी सरकार की। महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर लोग आत्मनिर्भर हो रहे है। केन्द्र और प्रदेश सरकार आज हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। सबका साथ सबका विकास के संकल्प को बिना और युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों की बदौलत प्रदेश में इस बार भी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा। इस मौके पर विश्वजीत सरकार,निरंजन हीरा, अजीत हीरा,तुलसी,रेखा आदि मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए डीएम ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कुशलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी तेजी के साथ मुस्तैदी से लग गया है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सोमवार को डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को कुशलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा, समयबद्धता एवं पारदर्शिता से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं निर्विवाद रूप से संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी दिये गई जिम्मेदारियां से संबंधित कार्य योजनाएं तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु रोस्टर शीघ्रता से तैयार कर लिया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों की तैनाती करते हुए उसकी प्रतिलिपि जिला निर्वाचन कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि उनको अन्य ड्युटियों से अलग रखा जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में सौपे गए दायित्वों का निर्वहन करने में किसी भी प्रकार की हीला-हवाली करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप मनीष कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें ताकि वे अपने मत के महत्व को समझे और एक सुदृढ़ राष्ट्र के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।मुख्य विकास अधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि अनुपस्थित नोडल अधिकारियों के स्पष्टिकरण लेने व माह फरवरी 2024 का वेतन रोकने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित करने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी गौरव चटवाल, अभय प्रताप सिंह, राकेश चन्द्र तिवारी, गौरव पाण्डेय, कौष्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, ओसी डॉ अमृता शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुटौला आदि उपस्थित थे।



# बूथ पर कार्यकर्ताओं और आम जनता से किया संवाद

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान के अंतर्गत खटीमा नगर मंडल के सभी बूथों पर प्रवासी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बूथ पर जाकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाया गया एवं संबंधित क्षेत्र के निवासियों के साथ कारी संगठन के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि जो भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हुए हैं प्रत्येक जनप्रतिनिधि ने अपनी अपनी बूथ की दी हुई जिम्मेदारियां के तहत समाज के सभी वर्ग के लोगों के साथ संपर्क किया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की पार्टी की जनकल्याण



संवाद कर पार्टी को मजबूत करने की रूपरेखा तैयार की गई। लगातार 3 दिन चले गांव चलो अभियान के अंतर्गत पार्टी के प्रत्येक बूथ के प्रवासियों द्वारा दी गई जिम्मेदारी के तहत 24 घंटे अपने अपने बूथ में प्रवास कार्यक्रम संपन्न कराया गया, पार्टी ने सभी बूथों के लिए अलग-अलग प्रवासी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी थी। पार्टी के पदाधिकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं लोकसभा चुनाव को लेकर जनता का फीडबैक प्राप्त किया, पार्टी को मजबूत करने के लिए बैठक की। बूथ कार्यक्रम में पार्टी के संगठन के पदाधिकारी नगर मंडल के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने दी गई जिम्मेदारी के तहत अपने-अपने बूथ पर जाकर प्रवासी कार्यक्रम संपन्न कराया।

# शहर की जनता हमारा परिवार,सौहार्द पूर्ण बनायें माहौल





## जिलाधिकारी और एसएसपी ने धर्म गुरूओं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में की अराजक तत्वों की सूचना प्रशासन और पुलिस को देने की अपील

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नगर निगम सभागार में जिलाधिकारी वंदना ने बैठक लेते हुये शहर के लोगों के साथ ही धर्म गुरूओं, जनप्रतिनिधियों व जनमानस से शान्ति व्यवस्था बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा प्रशासन नागरिकों को सुगम सुचारू सभी सुविधायें देने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने शहर के जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि अपराधिक प्रवृति के तत्वों की सूचना देने में अपनी भूमिका अदा करें ताकि इस प्रकार के लोगों को सजा दिलवाई जा सके। इसके लिए जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी शहर में सभी धर्मों के लोग सौहार्द पूर्वक निवास करते है, हमें इसी सौहार्द माहौल को बनाये रखना है। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर की जनता हमारा परिवार है इसकी सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। जिलाधिकारी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों को मानवीय सहायता समय-समय पर दी जा रही है। बनभूलपुरा शहर में मोबाइल नेटवर्क कॉल चल रही है केवल इंटरनेट सेवा बंद है। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा क्षेत्र में सौहार्द पूर्ण माहौल होते ही सभी सुविधायें सुचारू कर दी जायेंगी। उन्होंने कहा बनभुलपुरा क्षेत्र के लोगों के लिए आवश्यक सामग्री समय-समय पर दी जा रही है साथ ही मरीजों एव गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलैंस की सेवा स्थल पर है। उन्होंने कहा किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी होती है अधिकारियों से सम्पर्क कर उनकी समस्या का निदान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर की जनता हमारा परिवार है हम अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निभायेंगे। हम अपने शहर के हालात खराब नही होने देंगे। उन्होंने सभी लोगां से कहा है कि अराजक तत्वों की सूचना प्रशासन व पुलिस को देने की अपील की है। उन्होंने कहा कुछ लोगों ने गलत किया है उन्हें सजा दिलाने मे सहयोग करें। उन्होंने कहा निर्दोष व्यक्तियों पर कोई कार्यवाही नही की जायेगी। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्टेट एबी बाजपेयी, ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा, रेखा कोहली, एएसपी हरबंस सिंह, थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के साथ ही गणमान्य, धर्मगुरू आदि लोग मौजूद थे।

## फल,सब्जी, दूध, गैस सहित आवश्यक सामग्री का किया वितरण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में सोमवार सुबह को बड़ी मात्रा में फल, सब्जी, दूध, व गैस सहित आवश्यक सेवाओं का वितरण किया गया। रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर जोनल मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई और उपजिला अधिकारी परितोष वर्मा की निगरानी में बनभूलपुरा क्षेत्र में भारी मात्रा में आवश्यक सामग्री जिसमें दूध, सब्जियां, गैस, सिलेंडर दवाइयां सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को देखते हुए बनभूलपुरा स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु किया गया है। इसके अलावा शांतिपूर्वक तरीके से बनभूलपुरा के प्रत्येक क्षेत्र में जोनल मजिस्ट्रेट की निगरानी में आवश्यक सेवाओं की पूर्ति की जा रही है। सोमवार को प्रभावित क्षेत्र में लगभग 10 हजार लीटर दूध, 02 गाड़ी अंडे और ब्रेड, 06 गाड़ी राशन, 06 ट्रक सब्जी और 04 गैस गाड़ी की आपूर्ति की गई। चार गैस गाड़ी में दो गाड़ी भारत की और दो गाड़ी इनडेन गैस की थी जिसे मिलाकर कुल 400 सिलेण्डर की आपूर्ति की गई। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनभूलपूरा में 65 की ओपीडी भी दर्ज हुई।



## 127 शस्त्र लाईसेंस को निलम्बित कर कब्जे में लेने के दिए आदेश

हल्द्वानी। थाना बनभूलपुरा में विगत 8 फरवरी को मलिक का बगीचा मे अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण हेतु चलाये गये अभियान के दौरान उपद्रवियों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लाईसेंसी शस्त्रों के साथ ही अवैध घातक हथियारों से हमला किया गया। जिससे सैकडों अधिकारी एवं कर्मचारी चोटिल हो गये थे। अपर जिला मजिस्ट्रेट फिंचाराम चौहान ने बताया कि बनभूलपुरा के स्थानीय निवासिंयो द्वारा अपने निजी लाईसेंसी शस्त्रों का दुरूपयोग कर शस्त्र लाईसेंस की शर्तों का उल्लंघन किया गया और भविष्य में इसी प्रकार सार्वजनिक सम्पत्तियों से अतिक्रमण हटाये जाने का अभियान चलाये जाने पर उनके द्वारा लाईसेंसी शस्त्रों का दुरूपयोग किये जाने की सम्भावना के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कुल 120 शस्त्र लाईसेंस धारकों के 127 शस्त्र लाईसेंस को अग्रिम आदेशों तक निलम्बित किया है। जिला मजिस्ट्रेट ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आदेशित किया है कि 24 घंटे के अन्दर निलम्बित किये गये शस्त्रों एवं शस्त्र लाईसेंसों को कब्जे में लेना सुनिश्चित करें।




# ग्राम परिक्रमा यात्रा का विधायक ने गौ पूजन कर किया शुभारंभ




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा किया जाना था लेकिन उनके व्यस्तता के चलते किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर से पूरे देश में ग्राम परिक्रमा यात्रा का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। किसान मोर्चा उधम सिंह नगर द्वारा इसका आयोजन जिले स्तर पर फौजी मटकोटा गांव में एलइडी लगाकर किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने कहा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर यह ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत बेहद सुंदर पहल है जो गांव गांव किसानों के बीच जाकर उनसे संपर्क करना लाभार्थियों से मुलाकात करना साथ ही खेती में उपयोग होने वाले ट्रेक्टर का पूजन, गौ पूजन और उनके उपयोग में होने वाले यंत्रो का पूजन कर देश के अन्दाता का उत्साहवर्धन कर उनकी समस्याओं को जनना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। विधायक शिव अरोरा ने फौजीमटकोटा गांव में पहुँचकर स्वयं गौ माता और ट्रैक्टर का पूजन किया। विधायक अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है देश का किसान विकास की मुख्यधारा से जोड़े ओर उसको बेहतर से बेहतर सुविधा मिले इसके मोदी सरकार ने किसान हित मे अनेको कार्य किये हैं उसमें किसान सम्मान निधि हो या फिर खेती के सन्दर्भ में अनेको जानकारी का घर बैठे फोन पर उपलब्ध होना या ई मंडी जैसी सुविधा से किसान जगरूक हुआ है तो वही हाल ही में ड्रोन द्वारा कीटनाशक दवाओं का खेती में छिड़काव क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है, विधायक ने ग्राम परिक्रमा यात्रा को भाजपा की एक अच्छी पहल बताया जिससे गांव गांव जाकर किसानों के बीच उमसे सम्पर्क होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे किसान को मिले उसकी जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि आज राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत की है जो अगले एक माह तक जारी रहेगी जिसमे किसान मोर्चा के पदाधिकारी 5 -5 लोगो की टोली बनाकर गांव गांव सम्पर्क करेगे ओर जिसमे सरकार की योजनाओं को किसानों को अवगत कराना साथ ही सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के साथ सेल्फी लेना,गो पूजन , यंत्र पूजन ट्रैक्टर पूजन जैसे कार्यक्रम इस यात्रा के दौरान हर हर गांव गांव घूम के पूरे जिले भर में किये जायेंगे , जिससे हमारा सीधा जुड़ाव किसान खेती करने वालो से होगा यह कार्यक्रम एक माह तक जारी रहेगा। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, मोहन तिवारी, विनय बत्रा, राजीव शुक्ला, गोपाल पटेल, राकेश सरकार, वासुदेव, हरेंद्र सिंह, हरदीप सिंह, मनजीत सिंह, कृष्ण पाल, रचित सिंह, अशोक नेगी, रविकांत वर्मा, कुलदीप फौजी, ज्ञान सिंह चौहान, भीमसेन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## चैती मेले की तैयारियों के लिए डीएम ने दिये दिशा निर्देश



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में 9 अप्रैल 2024 से काशीपुर में आयोजित होने वाले चौती मेले की तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक आहुत की गयी। जिलाधिकारी ने अधीशासी अभियन्ता लोनिवि काशीपुर को निर्देश दिये कि मेला क्षेत्रान्तर्गत सभी मार्गो को गड्ढामुक्त करना सुनिश्चित करें। उन्होने नगर आयुक्त काशीपुर को निर्देशित किया कि मेले में साफ-सफाई एवं मेले में पर्याप्त मात्रा में कूड़ादान की व्यवस्था दुरूस्त रखें। उन्होने कहा कि नगर निगम मेले में मोबाईल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने सिचाई विभाग को निर्देश दिये कि मेले क्षेत्रान्तर्गत सभी नहरों की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने एसडीएम काशीपुर को निर्देश दिये कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाये। उन्होने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय बना कर मेले में स्वास्थ्य सेवाओं की भी व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया की मेले में शुद्ध पेयजल की भी व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेइस अवसर पर अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एएसपी चन्द्रशेखर घोड़के, वरिष्ठ कोषाधिकारी जुबक मोहन सक्सेना, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, आदि उपस्थित थे।

## कृतिका चुनी गयी बेस्ट गर्ल्स एनसीसी कैडेट



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूनानक बालिका इंटर कालेज की कक्षा 12 के वाणिज्य संकाय की छात्रा व एन०सी०सी० कैडेट कु० कृतिका पुत्री सुर्वास कुमार सक्सेना को 24 यू०के० गर्ल्स बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा द्वारा आयोजित बैस्ट कैडेट गर्ल्स कम्पटीशन में पूरे उत्तराखण्ड राज्य के 12 अन्य विद्यालयों में से उत्तराखण्ड राज्य की बैस्ट कैडेट गर्ल्स के सम्मान से सम्मानित किया गया है। छात्रा को पूर्व में भी सी०९०टी०सी० (कम्बाइन्ड एनुवल ट्रेनिस कैम्प) में भी बैस्ट कैलेट के सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 3 जनवरी 2024 को टाटा मोटर्स मेन बान्ध मुम्बई द्वारा उत्तराखण्ड आकाशवाणी सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रा के शलराउण्ड प्रदर्शन के बारे में पूछने पर कु० कृतिका ने अपनी शैक्षिक क्रियाकलाप, एनसीसी व गेम्स में अपने अचीवमेन्ट के सम्बंध में अपने समस्त गुरूजनों एवं अपने अभिभावकों को इसका श्रेय देते हुये अपनी प्रस्तुती भी दी। कृतिका की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति अग्रवाल व विद्यालय परिवार ने कृतिका का उत्साहवर्धन करते हुये तथा शुभकामनायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स० दिलराज सिंह व प्रबन्धक स० गुरमीत सिंह व विद्यालय श्री गुरुनानक बालिका इण्टर कालेज के प्रबन्धक च० परमजीत सिंड एडवोकेट व अध्यक्ष स. सुरमुख सिंह ने भी छात्रा कृतिका को प्रोत्साहित करते हुये शुभकानाएं दी।

## जन संवाद कार्यक्रम में बेहड़ ने सुनी जन समस्याएं



किच्छा(उद संवाददाता)।जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं को संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का तांता लगा रहा।जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी।इससे पूर्व प्रधानसंघ ने करोना काल की वजह से प्रभावित होने के कारण त्रिस्तरीय चुनावों की अवधि का कार्याकाल 2 वर्ष का अधिकारी बढ़ाये जाने की मांग हेतु विधायक बेहड को एक पत्र प्रेषित किया जिस पर विधायक बेहड ने मुख्यमंत्री को इस सम्बन्ध में अवगत कराने का आश्वाशन दिया इस दौरान प्रधान संघ की तरफ से कैलाश जोशी, गुलशन सिंधी व राजेंद्र सिँह मौजूद रहे। बेहड ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान के०वी० पुरम लालपुर के निवासी शीतल,पवन,डिम्पल,कवलजीत कौर,रूबी, ममता,सरोज,सविता,अंकुश सक्सेना,अजय कुमार,निया जोशी,दीपा कोटियाल,किरण कोटियाल, लखविंदर कौर,जसविंदर कौर,मनोज कुमार, आदि ने250-250 मीटर की दो सड़क व नाली बनवाने की मांग विधायक जी के समक्ष रखी वार्ड न० 15 से छोटी पत्नी वकील पुत्र के इलाज हेतु,इदरीश जहाँ वार्ड 12 ने पुत्र के इलाज हेतु तथा वार्ड 13 से यास्मीन पत्नी अशलम पति के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की किच्छा निवासी मनोज मिस्त्री ने सफेद राशन कार्ड बनाए जाने तथा शायना निवासी वार्ड न०-07 ने अपने व अपने पति का इलाज आयुष्मान कार्ड के द्वारा कराये जाने की मांग विधायक बेहड़ के समक्ष रखी। विधायक बेहड़ ने अधिकाँश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया तथा सर्म्बधित अधिकारियों को समस्याओं के हल करने हेतु हेतु आदेशित किया।

## काठगोदाम से अयोध्या तक नई ट्रेन का किया अनुरोध



हल्द्वानी(उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से वार्ता कर काठगोदाम से अयोध्या तक नई ट्रेन के संचालन किया जाने का अनुरोध किया है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव जी को पत्र लिखकर यह अवगत कराया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अर्न्तगत काठगोदाम से अयोध्या तक नई ट्रेन चलाने हेतु समस्त क्षेत्रीय जनता द्वारा निवेदन किया है, जो अति आवश्यक है। यह भी अवगत कराना है कि प्रत्येक दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं दर्शन के लिए अयोध्या जाते है। ट्रेन न होने के कारण बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही काठगोदाम कुमाँऊ का प्रवेश द्वार है, यहाँ पर दूर-दूर पर्वतीय क्षेत्रों से लोग यात्रा हेतु आते है। दूरस्थ क्षेत्र से लोगो को अयोध्या जाने हेतु बरेली (उत्तर प्रदेश) जाना पड़ता है। अयोध्या में श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से यहाँ से लगातार लोगो का अयोध्या आना-जाना और अधिक संख्या में प्रारम्भ हो गया है। लिहाजा केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से काठगोदाम से अयोध्या तक नई ट्रेन संचालन का अनुरोध किया है।

## मोदी की गारंटी पर सबको भरोसा: विकास शर्मा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांव चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा दक्षिणी मण्डल के रुंपुरा क्षेत्र अंतर्गत बूथ नंबर 58 में रात्रि प्रवास किया और कार्यकर्ताओं एवं आम जनता के साथ संवाद करते हुए केन्द्र और प्रदेशसरकार की उपलब्धियां बतायी। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित कई योजनाएं हैं जिसका लाभ लोगों को मिल रही है। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर लोग आत्मनिर्भर हो रहे है। केन्द्र और प्रदेश सरकार आज हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। सबका साथ सबका विकास के संकल्प को बिना किसी भेदभाव के पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर करोड़ों लोगों का विश्वास मजबूत होता जा रहा है।इसी विश्वास के दम पर इस बार भाजपा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक बनाने जा रही है। पीएम मोदी की गारंटी और युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों की बदौलत प्रदेश में इस बार भी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा।श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आहवान करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव जल्द ही होने जा रहे हैं ऐसे में अब कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी और बढ़ गयी है। हर कार्यकर्ता को चुनाव तक पूरी मुस्तैदी से जुटकर पीएम नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बतायें। उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही विपक्ष के लोग जनता के बीच अफवाह दुष्प्रचार फैलाने का प्रयास करेंगे ऐसे लोगों से जनता को सजग होने की जरूरत है। कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए विपक्ष की साजिशों को नाकाम करें। इस अवसर पर भाजपा दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली,सुदामा कोली, अकित बठला,गिरीश, जितेन्द्र, वीरू कोली, अक्षय अरोरा सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

मैट्रोसिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
गली नं. 2, डॉक्टर्स कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर, ऊ. सिं. नगर
ENT (नाक, कान, गला) स्पेशलिस्ट 14 फरवरी 2024 से उपलब्ध
बुधवार गुरुवार रविवार
डॉ. पूजा
WEDNESDAY THURSDAY SUNDAY
MBBS • MS ENT (Gold Medalist) • DNB
FHNO (Fellow in Head and Neck Oncosurgery)
ENT Surgeon and Head and Neck Cancer Surgeon
Certified Allergologist and Vertigo Specialist
समय : बुधवार | बृहस्पतिवार : दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक | रविवार : प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक
अपाइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें : 9756456789, 7500250091
Facility Available on Appointment Basis
नोट : कृपया असुविधा से बचने के लिए समय से फोन द्वारा अपाइंटमेंट करें।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 70780 57678

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नौसेना अधिकारियों की रिहाई

कतर में मौत की सजा पाए भारतीय मूल के आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों की रिहाई निस्संदेह भारत की बड़ी कूटनीतिक कामयाबी है। करीब डेढ़ वर्ष पहले इन अधिकारियों को इजराइल के लिए पनडुब्बी तकनीक की जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसकी सूचना न तो भारतीय दूतावास, और न उनके परिजनों को दी गई थी। दूसरे स्रोतों से जब उनके परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने भारत सरकार से गुहार लगाई।मामला प्रकाश में आने के बाद भारत सरकार का विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ और इस संबंध में मध्यस्थता और बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ था, प्रधानमंत्री ने भी वहां के शासक से इस संबंध में बात की थी। इसका असर यह हुआ कि करीब दो महीना पहले कतर में भारत के राजदूत को इन गिरफ्तार भारतीय नागरिकों से मिलने की इजाजत दी गई और फिर उनकी फांसी की सजा को कैद में बदल दिया गया। अब कतर सरकार ने उन्हें रिहा कर दिया है, मगर अभी तक मामले की ठीक-ठीक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है।गौरतलब है कि ये भारतीय नागरिक नौसेना में अपनी सेवाएं दे चुके थे और उनमें से कई वरिष्ठ पदों पर रहे थे। अवकाश प्राप्त करने के बाद कतर की एक निजी नौसेना कंपनी के लिए सेवाएं दे रहे थे। सैन्य परियोजनाओं में दुश्मन देशों के लिए जासूसी के मामले कोई नई बात नहीं हैं। इसके लिए सरकारें अपना पुख्ता निगरानी तंत्र रखती हैं। कतर जैसे देशों में ऐसे अपराधों के लिए मौत की सजा का प्रावधान है, इसलिए जब भारतीय नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगा, तो वहां की अदालत ने कड़ी सजा सुनाई थी।हालांकि यह मामला इसलिए सबको हैरान करने वाला था कि जिन अधिकारियों को फांसी की सजा सुनाई गई, वे भारतीय नौसेना के जिम्मेदार पदों का निर्वाह कर चुके थे और सैन्य परियोजनाओं की जासूसी के अंजाम से अच्छी तरह वाकिफ थे। उनसे ऐसी असावधानी या किसी लोभ में काम करने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। भारत सरकार का विदेश मंत्रालय अभी पूरे मामले की तह में जाने का प्रयास कर रहा है, पर प्रथम दृष्टया यही लगता है कि जरूर कतर सरकार के निगरानी तंत्र से जासूसी प्रकरण में तथ्य जुटाने को लेकर कोई चूक हुई थी। कई बार मुख्य साजिशकर्ता कोई और होता है और शक के आधार पर उसमें दूसरे लोग भी फंस जाते हैं। कतर के साथ भारत के संबंध बहुत मधुर हैं। पिछले हफ्ते ही उसके साथ भारत ने बीस वर्षों के लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति का बड़ा करार किया है। कई लोग पूर्व नौसैनिकों की रिहाई को इससे भी जोड़ कर देख रहे हैं, मगर कोई भी सरकार व्यापार के लिए अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा से ऐसा समझौता नहीं कर सकती।

# हरिद्वार में विकसित होगा हर की पैड़ी कॉरिडोर

**सीएम धामी ने की बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण वाले स्थल पर पुलिस थाना बनाने की घोषणा**

**हरिद्वार जनपद में 1168 करोड़ की 158 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया**



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज



ऋषिकुल मैदान हरिद्वार में नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने हरिद्वार जनपद के लिए 1168 करोड़ की 158 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार के शहरी क्षेत्र की सम्पूर्ण सीवरेज व्यवस्था के सुदृढीकरण के लिए जर्मन बैंक की मदद से 523 करोड़ की स्वीकृत परियोजना, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, पर्यटक स्थलों के विकास, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बनभूलपुरा अतिक्रमण वाले स्थल पर पुलिस थाना बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी समाज या राज्य की रीढ़, उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं, अगर किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है। उत्तराखण्ड राज्य के निर्माण में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए अनेक प्रयास हुए हैं। उत्तराखण्ड में भी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हम हरिद्वार और ऋषिकेश कॉरिडोर का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं, क्योंकि हम अयोध्या, काशी विश्वनाथ और महाकाल लोक कॉरिडोर की तरह ही हर की पैड़ी कॉरिडोर को विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम से पहले देवपुरा चौक से ऋषिकुल मैदान तक आयोजित भव्य रोड शो में प्रतिभाग कर मातृ शक्ति और विशाल जन समूह का अभिनंदन स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, श्रीमती कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष हरिद्वार श्री राजेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने दिए घर घर टीकाकरण के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में तीन मार्च को राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष आयु के 19060 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए सात नगरीय, 318 ग्रामीण व पांच मोबाइल बूथ बनाए गए हैं। कोई भी बचा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहे। घर-घर जाकर दवा हर हाल में पिलाएं।वही आशाएं और स्वास्थ्य क्रतियो और टीकाकरण अभियान से जुड़े हुए कर्मियों को प्रत्येक घर मे पहुचकर पांच साल के बच्चों का डेटा भी बनाने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट



जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो टीकाकरण कर जिले में शत फीसद बच्चों को टीकाकरण करने के निर्देश दिए।डीएम ने निर्देश दिए हुए कहा कि

में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम पाल ने कहा कि तीन मार्च को बूथ लेवल पर चलने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें। अधिक से अधिक जनता को अभियान के बारे में जानकारी एवं जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले व ब्लॉक स्तर पर मीजल्स, डिप्थीरिया व एएफपी की सर्विलांस और रिपोर्टिंग बढ़ाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी ने बताया कि तीन मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के 19060 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए जनपद में सात नगरीय, 318 ग्रामीण तथा 5 मोबाइल बूथ बनाए गए हैं। अभियान में 95 पर्यवेक्षक, 1096 वैक्सीनेटर के साथ ही घर-घर भ्रमण कार्यक्रम के लिए 528 टीमें बनाई हैं। उन्होंने बताया कि तीन मार्च को बूथों पर तथा चार व पांच मार्च को घर-घर जाकर पोलियो खुराक पिलाई जाएगी।

# आर्य समाज का वेद प्रचार कार्यक्रम सम्पन्न



रुद्रपुर (उद संवाददाता)।महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200वें जन्मदिवस के उपलक्ष में आर्य समाज, रुद्रपुर में त्रिदिवसीय वेद प्रचार कार्यक्रम का सफलतापूर्वक का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बाहर से पधारे सचिन आर्य सारंग, भजन उपदेशक ने बड़े ही मधुर भजनों के द्वारा ऋषि दयानंद के तपमय जीवन और उपकारों का गुणगान और वेदो की महिमा का व्याख्यान किया। कानपुर से पधारे, वेदों के प्रकांड विद्वान् रवींद्र आर्य ने बड़ी ही सरल भाषा में वेद वाणी के अमृत वचनों से रुद्रपुर के नागरिकों को तृप्त किया। इसके अतिरिक्त स्थानीय विद्वान दर्शनाचार्य विवेक वरुण एवं पंडित प्रभात आर्य द्वारा भी उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र चांदना ने किया। कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डी पी यादव ने भी आर्य समाज के कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया, अंत में आर्य समाज रुद्रपुर के मंत्री अमित आर्य ने का सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रधान जवाहरलाल तनेजा,कोषाध्यक्ष सुधीर ग्रोवर, राजकुमार गुलाटी,सुरेश चंद्र गुप्ता,महावीर प्रसाद ,चंद्र प्रकाश आर्य, पृथ्वीराज आर्य ,कैलाश गर्ग, हरीश तनेजा, यशपाल तनेजा,सतीश तनेजा,अनिल गुप्ता, राजकुमार चौधरी, तपन विज, प्रेम अरोड़ा, वेद प्रकाश अरोड़ा, राधेश्याम गोयल, बृजराज सिंह, विवेक कालड़ा ,अमित वासन, शशांक गुप्ता, भव्य चान्दना,मधुर अग्रवाल, योगेश आर्य ,वैभव तनेजा, राजेन्द्र गुप्ता,सतवीर, अलका तनेजा, संतोष आर्य, लक्ष्मी आर्य, चंचल तनेजा,अन्नपूर्णा गुप्ता ,रेनू कुकरेजा ,सीमा गुलाटी ,भावना ग्रोवर ,विम्मी चान्दना, शालू वासन, निधी वासन,कल्पना विज,गरिमा आर्य आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने सड़क के डामरीकरण कार्य के लिए किया भूमि पूजन

कपकोट(उद संवाददाता)। हरसीला से नान कन्यालीकोटी मोटर मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण कार्य का रविवार को भूमि पूजन हुआ। सड़क के लिए 231.34 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत है। सड़क पीएमजीएसवाई से लोनिवि को हस्तांतरित की गई है। ग्राम पंचायत कन्यालीकोट में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक सुरेश गडिघ्या ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन आड़े नहीं आएगा। सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा रहा है। डामरीकरण और सुधारीकरण हो रहा है।



यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर गांव तक सड़क पहुंचाने का संकल्प है। अच्छी सड़कें बनाने का लक्ष्य है। इससे पहाड़ में दुर्घटनाओं का ग्राफ भी कम होगा। उन्होंने कहा कि सशक्त कपकोट, समृद्ध कपकोट की परिकल्पना सच हो रही है। उन्होंने धनराशि प्रदान करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य हीरा बघरी, निर्मला फर्त्याल, प्रधान सुरेंद्र गडिया, गिरीश गड़िया, प्रकाश बिष्ट, रमेश जोशी, राजेंद्र नगरकोटी, भूपेश फर्त्याल, देवेंद्र गडिया, कै. प्रताप गड़िया, रतन सिंह, सूबेदार खड़क सिंह आदि मौजूद रहे।

# भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ का सम्मेलन आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के तरफ से उत्तर रेलवे जोन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय प्रभारी माननीय श्री मनोरंजन कुमार उपस्थित थे। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के उत्तर प्रदेश संयुक्त सचिव भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में उत्तर रेलवे जोन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश हिमाचल प्रदेश दिल्ली तथा अन्य राज्य से तकरीबन 50 माल गोदाम के अमिक बंधु एवं ठेकेदार सहित अनेक रेलवे माल गोदाम के अधिकारी भी उपस्थित थे। 7 फरवरी को भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष माननीय जया बर्मा सिन्हा से मिले थे पिछले बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा संगठन को सौंपी गई । जिम्मेदारी के बारे में संगठन ने मैंग वाइज 24 घंटा सिफ्ट वाइज काम करवाने के विषय में अपना रिपोर्ट पेश किया। वहीं दूसरे तरफ 8 फरवरी 2024 भारत के संसद भवन में बजट अधिवेशन के चलते वरिष्ठ सांसद श्री जगदंबिका पाल ने रेल बजट के अंतर्गत रेलवे माल गोदाम पर डिपार्टमेंटल लेबर सिस्टम लागू करने का मांग उठाया। उत्तर रेलवे जोन के ज्यादा से ज्यादा माल गोदाम पर गैग वाइस श्रमिकों की सूची बनाकर तीन शिफ्ट में 24 घंटा काम करने का व्यवस्था किया जाएगा। भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय श्री अरुण कुमार पासवान जी द्वारा देखा गया सपना जिसको पूरा करने के लिए देश के कोने-कोने से प्रत्येक माल गोदाम के श्रमिक बंधु द्वारा किए गए कही तपस्या का फल स्वरुप आज रेलवे माल गोदाम के श्रमिक का सपना पूरा होने जा रहा है। इस अवसर में रेलवे माल गोदाम के श्रमधरक आज अपने एकदिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में आपने जोश से प्रमाणित कि हम मजदूर है मजदूर नहीं। कार्यकारिणी को देखते हुए माननीय राष्ट्र प्रभारी महोदय ने भूपेंद्र सिंह दिवाकर जी को नॉर्दर्न रेलवे का अध्यक्ष नियुक्त किया साथ ही साथ गौरव कुमार जी को नॉर्थ सेंट्रल रेलवे का सचिव घोषित किया एवं संजीव शर्मा जी को कोटा दिवीजन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतोष मढी, रवि रंजन, प्रेमपाल सिंह, रवि शंकर दिवाकर, शिवा भारद्वाज, मनीष दिवाकर, दीपक नहर, विकास कुमार, रेशू, हरेंद्र सिंह, राजेश कुमार, राजू सिंह, बृजेश कुमार, अवध किशोर दास, अमित कुमार, देवेंद्र सिंह, पारस चौहान, महेश चंद नारायण सिंह, देव, अरविंद कुमार भटनागर, सिंह देवकी, बसंती देवी, राजिद अली, बोम प्रकाश बाल्मीकि, पवन, पंकज कुमार, बूटा सिंह, विनोद कुमार, अतेंद्र यादव, यतेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, बलबीर सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव, हिमांशी, प्रवेश अशोक कुमार, दुष्यंत कुमार शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता माई बंधु मौजूद रहे।



# राज्य आंदोलनकारियों के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में कई लोगों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नगर निगम सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन में 13 जनपदों के राज्य आंदोलनकारियों ने राज्य आंदोलन कारियों की मांगों के निस्तारण पर कुछ मांगें भी उठाई। जिसमें उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी की मृत्यु के उपरांत उसका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किये जाने, राज्य आंदोलनकारियों की एक समान पेंशन, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी के नाम कार्यकर्ताओं को स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी स्मृति उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में खटीमा सितारगंज काशीपुर नैनीताल हल्द्वानी पिथौरागढ़ आदि क्षेत्रों के राज्य आंदोलनकारी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिंदगी जिंदाबाद नीलम कांडपाल शकुंतला तड़ियाल, मोहनी बिष्ट, के साथ-साथ करीब 25 महिलाओं को उत्तराखंड गौरव रन से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अनिल जोशी, विनोद जोशी, दिनेश थुवाल,भास्कर पांडे,पंकज खर्कवाल, श्रीमती जानकी गोस्वामी, राहुल





उत्तराखंड सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगभग सभी घोषणाओं का निस्तारण कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में राज्यपाल आंदोलन कारियों के सपने पूरे होते दिखाई दे रहे हैं। सम्मेलन में राज्य आंदोलनकारियों ने से परिभाषित किये जाने , सशक्त भू कानून, मूल निवास,एवं जिन राज्य आंदोलनकारी की उम्र 60 वर्ष से ज्यादा हो उन्हें साथ में एक अन्य सहायक को निशुल्क परिवहन बस में सुविधा दिये जाने की मांग की गयी। सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक संगठन एवं सामाजिक द्वारा निशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम स्थल पर ही उधम सिंह नगर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें राज्य आंदोलनकारी पीसी शर्मा को जिला अध्यक्ष, एस के नायर जिला महामंत्री, कांतिभागुणी जिला उपाध्यक्ष हरीश को संरक्षक मंडल में लिया गया। कार्यक्रम में महिला जोशी,देवेंद्र सिंह विर्क,राजेश अरोड़ा, कुमारी सुधा जोशी, श्रीमती संतोष सक्सेना,हरीश पनेरु,पान सिंह सीजवाली नैनीताल,नवीन चंद्र जोशी नैनीताल,नरेश चंद्र भट्ट ,दीपक रौतेला,शिव शंकर भाटिया,हरीश पाठक,विक्की पाठक,सचिन सक्सेना, अली खान खटीमा आदि शामिल थे।

## ट्रांजिट कैम्प से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में ठाकुर नगर की सब्जी मंडी में सामान लेने गये एक व्यक्ति की मोटर साईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में ठाकुर नगर निवासी मूल निवासी ग्राम मुडिया तेली, नवाबगंज , बरेली ने कहा है कि 11 फरवरी की शाम को वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 डीएच 2088 पर सवार होकर ठाकुरनगर की सब्जी मंडी में सामान लेने गया था। बाईक को लॉक लगाकर खड़ा कर दी। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाईक मौके से गायब थी। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## एफएसओ को मिला उत्कृष्ट सम्मान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। फायर ब्रिगेड बागेश्वर के प्रभारी गोपाल सिंह रावत को राज्य में पहली बार फायर ब्रिगेड में महिला आरक्षी की तैनाती पर उन्हें कैडेट के तौर पर बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए31वी पुलिस वाहिनी पीएसी उधमसिंह नगर के सेनानायक आईपीएस प्रीति प्रियदर्शनी द्वारा उत्कृष्ट प्रशिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया है।विदित हो कि एफएसओ गोपाल सिंह रावत द्वारा विषम परिस्थितियों में भी आगजनी सहित कई दुर्घटनाओं में अपने कुशल नेतृत्व से कई लोगों की जान बचाई है।वही उनको सम्मानित करने पर बागेश्वर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने उन्हें बधाई दी है और सभी ने उनके कुशल नेतृत्व को सराहा है।

## कार चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब एक सप्ताह पूर्व गदरपुर मार्ग पर सड़क पार करने के दौरान एक व्यक्ति की कार की टक्कर से हुई मौत के मामले परिजनों ने अज्ञात कार चालक के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में राजेश पुत्र दशरथ निवासी भगवानपुर ने कहा है कि 5 फरवरी की शाम उसके पिता दशरथ भगवानपुर में ही रोड से होकर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रही कार ने पिताजी को टक्कर मार दी। कार चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल पिता दशरथ को अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हजारों की नगदी समेत दो जुआरी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस मे गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो जुआरियों को जुआ खेलते हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक दीपक चौहान, कानि. भवानी राम, अमित कुमार व प्रवीन रावत क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम गैस गोदाम के पीछे चामुंडा मंदिर के पास पहुंची जहां चार व्यक्ति जमीन पर बैठकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दो जुआरियों को पकड़ लिया जबकि दो मौके से भाग गये। पकड़े गये जुआरियों ने अपना नाम पता जफर खान पुत्र साबिर खान निवासी सुभाष कॉलोनी व वीरेंद्र सक्सेना पुत्र छोटेलाल निवासी सुभाष कॉलोनी बताया । पुलिस ने मौके से कुल 2000 रूपये व 52 पत्ते ताश बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गये दोनों जुआरियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अपर उप निरीक्षक भरत सिंह साथी पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान वह मुखबिर की सूचना पर गडढ़ा कालोनी पहुचे जहां एक व्यक्ति शराब बेचता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गुरचरन सिंह पुत्र संतोख सिंह निवासी गडढ़ा कालोनी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कट्टे में रखे कुल 45 पाऊच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए।

## हजारों की नगदी समेत दो सट्टेबाज गिरफ्तार

रूद्रपुर । ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो सट्टेबाजों को हजारों की नगदी सहित दबोच लिया। उप निरीक्षक ललित चौधरी,ए एस आई जितेंद्र कुमार, का. राकेश खेतवाल व भूपेंद्र जीना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्रेम कुमार पुत्र मनोहर सिंह निवासी गली नंबर 4 जगतपुरा तथा विपिन कुमार पुत्र रति राम गंगवार निवासी रामपुर नाथू बरखेड़ा कला पीलीभीत को सटटे की खाईबाड़ी करते गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से 3470 रुपए, एक डायरी तथा पेन बरामद किया। पुलिस ने प्रेम कुमार तथा विपिन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**देहरादून से दिल्ली...**तेजी से काम हो रहा है। इस पर 12 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जा रहे हैं। यह उत्तराखण्ड के लिए लाईफ लाईन करेगी। कैलाश मानसरोवर के लिए टनकपुर से पिथौरागढ़ के लिए मार्ग का काम किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार मिलकर सभी घोषणाओं को धरातल पर उतार रही है। कुछ साल पहले तक राज्य की तस्वीर कुछ और थी आज कुछ और है। हर तरफ विकास नजर आ रहा है। सड़कों की कनेक्टिविटी मजबूत हुयी है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पहले सड़कों की हालत खराब थी जिसके चलते यात्रा मुश्किलों भरी होती थी। आज यात्रा सुगम हो गयी है। देश में एक भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसे सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा हो। आज प्रदेश में कई परियोजनाओं पर काम हो रहा है। सभी परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा अरूण मौर्य सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद थे।

**हल्द्वानी की कहनी...**के बाद इस तथ्य का खुलासा हुआ है कि आठ फरवरी के दिन वनभूलपुरा क्षेत्र में चलाए गए सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस और पीएसी की टीम को दर्जन भर लोग ऐसे मिले थे जिनके सत्यापन ही नहीं थे।पुलिस को सभी घरों में छिपे मिले थे। सभी के दस्तावेज जब्त कर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई थी।इस दौरान पुलिस ने 69 मकान मालिकों का 6,90,000 रुपये के कोर्ट चालान की कार्रवाई की थी, वहीं बिना सत्यापन के रह रहे 1006 लोगों के खिलाफ पुलिस चालान की कार्रवाई की।पुलिस को सत्यापन अभियान के तहत वनभूलपुरा स्थित एक मकान में करीब 12 से 14 लोग पानी की टंकी में छिपे मिले थे।पुलिस ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने दिहाड़ी-मजदूरी के लिए आने की बात कही थी।उपद्रव के बाद पुलिस ने अब इन सभी संदिग्धों की छानबीन शुरू कर दी है और इनके बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

**केंद्रीय मंत्री गडकरी के ...**चलते सीएम धामी और केन्द्रीय मंत्री गडकरी रूद्रपुर में पुलिस लाईन आ गये। जिस पर तमाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ ही विभागीय अधिकारी भी पुलिस लाईन पहुंच गये। इसकी जानकारी मिलते ही विधायक शिव अरोरा सहित कई भाजपा नेता पुलिस लाईन आये और उन्होंने दोनों का बुके देकर स्वागत किया। अधिकारियों से कुछ देर वार्ता करने के बाद केन्द्रीय सड़क परिवहन एवम राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने पुलिस लाइन हेलीपेड से हेलीकॉप्टर द्वारा टनकपुर के लिए प्रस्थान किया।

**हर लाभार्थी को...**किया जा रहा है। कार्यशाला को महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, विधायक शिव अरोड़ा, राज्यमंत्री दिनेश आर्य, मंडी समिति अध्यक्ष डॉ अनिल डब्बू, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, विवेक सक्सेना, ऊषा पाल, रामपाल सिंह आदि ने भी सम्बोधित कियो। इस मौके पर विधायक सरिता आर्या, विधायक राम सिंह कैड़ा,दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, उपेंद्र चौधरी, गजेन्द्र, अमित नारंग, कमलेश कुमार, राजेश कुमार, धीरेन्द्र मिश्रा, मोहन सहित पाटी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**प्रेम प्रसंग को लेकर...**सोमवार को लड़की के घर वालों को पूर्व पार्षद के द्वारा शादी से इंकार करने की जानकारी मिलने पर परिजन उसके घर जा रहे थे, इसकी भनक लगते ही पार्षद और उसके भाई ने उन्हें रास्ते में घेर लिया। बताया जा रहा कि दोनों भाई दबंगई दिखाने लगे और गाली गलौच कर धमकियां देने लगे। इस पर लड़की के परिवार वालों ने बात करने की कोशिश की तो पार्षद के परिवार वाले पेसे देकर मामला रफा दफा करने की बात करने लगे। इस पर सब लोग भड़क गये और पार्षद व उसके भाई की जमकर पिटाई कर दी।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम स्मिता अजय ठाकरे (SMITA AJAY THAKARE) था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके स्मिता सुभाष वानखाडे (SMITA SUBHASH WANKHADE) रख लिया है। भविष्य में मुझे हर विवरण में मेरे नये नाम स्मिता सुभाष वानखाडे (SMITA SUBHASH WANKHADE) से ही सम्बोधित किया जाए।

स्मिता सुभाष वानखाडे पत्नी श्री अजय सुखदेराव ठाकरे, निवासी-ब्लॉक / टावर डी3/2, फ्लैट नं-53, मेट्रोपोलिस सिटी, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## स्कूली बच्चों से ठगी के आरोप में चार के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में निजी विद्यालयों में बच्चों से पेंटिंग प्रतियोगिता के नाम पर अभिवावकों को बरगलाकर एक साल में धनराशि तीन गुनी ज्यादा देने, विदेश भृमण पर भेजने का झूठा झांसा दिलाकर कुछ अभिवावकों से मोटी रकम वसूलने वाले एक ग्रुप के खिलाफ पुलिस ने शिकायत मिलने पर सख्ती बरती है।वही कोतवाली पुलिस ने मूलधन को दोगुना, तीन गुना करने के नाम पर ठगी के चार आरोपियों पर पुलिस ने मुकदमा या दर्ज किया है।कोतवाली पुलिस ने बताया कि शनिवार को पीड़ित रणजीत सिंह पुत्र इंद्र सिंह निवासी सिमरो बहुली ने थाने में तहरीर सौंपी। जिसमें उन्होंने बताया कि सात माह पूर्व ने कुछ लोग जो अपने को एक निजी कंपनी का कर्मचारी बता रहे थे उन्होंने विवेकानंद स्कूल, कंट्रीवाइड एवं अन्य स्कूलों के बच्चों की पेंटिंग आदि प्रतियोगितायें कराई। इस दौरान पैसा - दोगुना तीन-गुना करने के नाम पर एक लाख रुपये ठग लिए। उसकी कोई प्राप्ति रशीद भी नही दी।वही पैसा लेते समय स्थानीय स्तर का ही होने, पैसा जमा होने की रसीद कम्पनी के शेयर मार्केट में लगने के बाद फिर पैसा दोगुना और तीन गुना करने के नाम परपैसे वसूल किए गए थे। लगातार पैसे जमा की रसीद मांगने पर झूठा दिलासा देकर परेशान होने के बाद एक लाख रुपये की ठगी कर चुके चार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों पर पीड़ित की शिकायत पर आईपीसी की धारा 420/506 के तहत अभिषेक सेमवाल, आजम लोहान, दिपाली पाठक, सुमित सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही चारों पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## ज्येष्ठा कालोनीवासियों ने ईई से किया विद्युत की समस्या का समाधान कराने का आग्रह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फुलसुंगा रोड़ स्थित ज्येष्ठा कालोनी के निवासियों ने अधिशासी अभियंता विद्युत से मुलाकात उनसे कालोनी की विद्युत समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया। वहीं भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने भी अधिशासी अभियंता विद्युत से दूरभाष पर अधिशासी अभियंता विद्युत से ज्येष्ठा कालोनी की विद्युत समस्या से अवगत कराते हुए उनसे इसका शीघ्र समाधान कराने की मांग की। जिस पर अधिशासी अभियंता द्वारा उनसे समस्या के समाधान के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। उनका कहना था कि इस दौरान मौके का निरीक्षण किया जायेगा। विकास ने बताया कालोनी वासी पिछले कई दिनों से विद्युत सम्बंधी परेशानियों से त्रस्त हैं। कई बार गुहार लगाने के बाद भी इनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कालोनी वासियों ने ई ई को कालोनी का नक्शा, बिल्डर द्वारा दी गई एनओसी भी सौंपी। मिलने वालों में कुलदीप शर्मा, गिरीश कबडाल, आर के सिंह, किशन गोयल,सुभाष गोयल, नरवीर सिंह, एसए सिंह, केके चौधरी व शक्ति सावंत आदि शामिल थे।

## शरीफ सपा महानगर अध्यक्ष बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी अरविंद यादव ने प्रदेश अध्यक्ष शम्भू पोखरियाल के निर्देश पर इंदिरा कालोनी निवासी शरीफ अंसारी को पार्टी का महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही उनसे 15 दिनों में कार्यकारिणी बनाकर अनुमोदिन कराने को कहा है। शरीफ के



मनोनयन पर प्रदेश सचिव राम सिंह, विनोद गौड़, अरविंद दिवाकर, यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार, जिला अध्यक्ष शीशपाल यादव, तेजपाल, शंकर सिंह, प्रताप सिंह, सत्यवीर सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## चाकू के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने संदिग्ध हालातों में घूम रहे दो लोगों को एक एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान



के तहत पुलिस टीम ने गश्त के दौरान दिनेशपुर अण्डर पास के पास दानिश उर्फ चेस्टा पुत्र मुन्ने निवासी वार्ड नम्बर-09 शास्त्रीनगर थाना केलाखेड़ा व गौरव पुत्र विनोद निवासी बरवाला थाना केलाखेड़ा को एक एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों का सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी।

## कमरे व सामान पर कब्जा करने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने अपने ही परिजनों पर उसके कमरे व सामान पर जबरन कब्जा कर लेने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि उसके करीबी रिश्तेदारों ने उसके निजी कमरे पर कब्जा करने को इरादे से रात्रि कमरे का ताला तोड़कर सारा सामान गायब कर दिया है और कमरे में अपना ताला लगा दिया है। उक्त लोग उसे व उसके परिवार को कमरे में नहीं जाने दे रहे है। कमरे के करीब जाने पर अपने कुत्ते को पीछे छोड़ दे रहे हैं। उसने पुलिस से उसका कमरा व सामान वापस लौटाने की गुहार लगाई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बालिकाओं को दिया स्वास्थ्य प्रशिक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत बालिकाओं हेतु दो दिवसीय एडोलसेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी भास्करानंद पांडे द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य डॉक्टर किरण बाला पांडे द्वारा की गई। दीप प्रज्वलन के उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा संस्कृत स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई । सर्वप्रथम खंड शिक्षाधिकारी भास्करानंद पांडे द्वारा कार्यक्रम के संबंध में छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य डॉ,किरण बाला पांडे द्वारा छात्राओं को कार्यक्रम के संबंध में संबोधित किया गया। प्रथम दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से उपस्थित एडवांस्ड सेंस काउंसलर डॉ0राधा मिगलानी द्वारा बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले बदलाव ,खानपान, स्वच्छता आदि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर सी-3(समर्थ) कार्यक्रम के अंतर्गत दीपांशु बादलनी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर छात्राओं को जानकारियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉक्टर कल्पना पांडे द्वारा किशोरियों को स्वास्थ्य व कैरियर संबंधी चर्चा की गई।कार्यक्रम में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं व छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ,दीप्ति वर्मा ,डॉक्टर नीरजा वर्मा व कार्यक्रम संचालन कर रही श्रीमती तारा जोशी द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। कार्यशाला में छात्राओं की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कला प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, लकी सागर द्वितीय एवं सारिका तृतीया, क्विज प्रतियोगिता में प्राची प्रथम ,अवनी द्वितीय एवं मुनीरा तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में मन्नत प्रथम, प्राची द्वितीय एवं साक्षी तृतीय रही ,जिन्हें खंड शिक्षाधिकारी एवं प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापिका माया भोज ,नंदिनी शर्मा, कुसुम लता, नीरू जोशी ,मिनती रानी विश्वास, ललिता विष्ट ,निशा टम्टा, अंजली आर्य ,नीमा गुरौ, नीतू नेगी, वंदना रानी, विनीता , कमलेश, ज्योति सक्सेना, सपना रानी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितेश शर्मा, मुख्य सहायक डी एस रौतेला, रोजा दीन अली आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे ।





# मौन पालन करने में आ रही दिक्कतों का होगा समाधान

सितारगंज(उद संवाददाता)। सीएचओ भावना जोशी ने सोमवार को क्षेत्र में मौन पालन करने वाली समूह की महिलाओं से मुलाकात की। साथ ही समूह से जुड़ी 26 महिलाओं से मौन पालन में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली। उन्होंने मधुमक्खी पालन के लिए रखे गए 233 बाक्सों की स्थिति देखी। सीएचओ ने महिलाओं की समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा कि अन्य किसी प्रकार की दिक्कत होने पर समस्या का समाधान किया जाएगा। मौन पालन निरीक्षक गुंजिता भट्ट ने बताया कि सितारगंज में जिले का सबसे बड़ा समूह मौन पालन से जुड़ा है। ट्रेनर संजय जोशी ने महिलाओं को सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया व महिलाओं को मौन पालन से जुड़ी जरूरी सलाह दी। इस दौरान शक्तिफार्म इंचार्ज बीआर आर्य,गंगा रावत,विमला देवी,शांति बोरा,कमला सनवाल,आरती देवी आदि उपस्थित रहे।



# रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संजयनगर खोड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया। जिसमें बंगाली समुदाय के लोगों को स्थानीय भाषा में मतदान की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान क्षेत्रवासियों से मतदान के प्रति जागरूक होने और अनिवार्य रूप से मतदान करने की आपील की। इस दौरान जन जागरूकता रैली में लोगों से मतदान करने का आहवान किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी, क्षेत्रीय सुपरवाइजर प्रभा आर्या, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती प्रोनोति विश्वास, प्रीति सिंह, पूनम , अम्बरी शोभा, विपासा, कुसुम लता, चम्पा सरकार, हेमलता, आशा, सीमा मिनती, संध्या, गीता, कनिका, संगीता, सुशीला, नीलिमा, तुलसी, दीपा, सुनीता, भारती मण्डल, रूबी सहित तमाम लोग मौजूद थे।



# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। चोरी की एक बाइक के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कलिया। 10 फरवरी को थाने के सामने वाली गली अमन बेकरी के पास से चोरी हुई बाइक के सम्बंध में बाइक स्वामी ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। छानबीन में जुटी पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सी.सी.टी.वी कैमरों का अवलोकन करने के बाद मुखबिर की सूचना पर गूलरभोज रोड़ अण्डरपास के पास रवि कुमार पुत्र देवीदास निवासी ग्राम टाण्डा डाल चन्द्र थाना केलाखेडा को चोरी हुई उक्त मोटरसाईकिल संख्या यूके 06एके 6614के साथ गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पूरण सिंह तोमर, कांस्टेबल दर्शन सिंह एवं विमल टम्टा शामिल थे।



Guru Maa Advanced Dental Care
गुरु माँ एडवांस डेन्टल क्लीनिक
WORLD-CLASS DENTAL CARE NOW IN YOUR CITY
रुट कैनाल विशेषज्ञ
डेन्टल इम्प्लांट
टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज
invisalign

डॉ. आँचल ढींगरा
बी.डी.एस, एम.डी.एस. एंडोडोन्टिस्ट
रुट केनाल स्पेशलिस्ट, कॉस्मेटिक डेन्टीस्ट
सर्टिफाइड एस्थैटिक डैन्टिस्ट
Guru Maa Advanced Dental Care
"A Multi Speciality Dental Clinic"
प्लॉट नं 1, सिविल लाइन्स, रुद्रपुर | 7452880018, 05944-245666